C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 61 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 18 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग की कड़ी प्रतिक्रिया, कहा- सबूत दो या देश से माफी मांगो



भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में संवाददाता सम्मेलन करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राहुल का नाम लिए बिना कहा कि आरोप गंभीर हैं, लेकिन बिना सबूत के। उन्होंने कहा कि सात दिन में हलफनामा देकर प्रमाण पेश करें, अन्यथा देश से माफी मांगें। समय पर जवाब न मिलने पर आरोपों को निराधार माना जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि आयोग किसी भी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी जैसे शब्द जनता को गुमराह करने वाले हैं और यह संविधान का अपमान है। कुछ दल जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर अपने स्तर पर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सभी मतदाता, बूथ स्तरीय अधिकारी और राजनीतिक दल पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं।

चुनाव आयोग ने बताया कि बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में एक लाख 60 हजार बूथ स्तरीय प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों और सात करोड़ से अधिक मतदाताओं की भागीदारी से एक मसौदा सूची तैयार की गई है। मसौदा सूची सभी दलों से हस्ताक्षर कराकर सत्यापित की गई है। आयोग ने कहा कि आने वाले 15 दिनों में त्रुटि सुधार के लिए समय दिया गया है और सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की।

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इतने पारदर्शी तंत्र में, जहां करोड़ों कर्मचारी और लाखों प्रतिनिधि शामिल हैं, वहां वोट चोरी जैसी बात संभव नहीं है। उन्होंने दोहराया कि आयोग गरीब, अमीर, महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी के अधिकारों की रक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़ा था, है और रहेगा।

## भीलवाड़ा में सट्टे की खाईवाली करते 12 गिरफ्तार, 7 बाइक , कार सहित नकदी जब्त



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुलिस थाना कोतवाली और डीएसटी टीम ने रविवार को कावाखेड़ा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए ताश के पत्तों पर सट्टे की खाईवाली करते 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 57 हज़ार 960 रुपये नकद, 7 बाइक और एक कार जब्त की।

यह कार्रवाई कोतवाली थानाधिकारी गजेन्द्रसिंह नरूका और डीएसटी प्रभारी राजपालसिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा छापा मारकर की गई । पुलिस ने बताया की सूचना मिली थी कि कावाखेड़ा के मोक्षधाम के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर सट्टा खेल रहे हैं। जिस पर टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा। कार्रवाई में पुलिस ने राकेश तेली, नरोतन कोली, देवेंद्र वैष्णव, हीरालाल सिंधी, बालमुकंद खटीक, सुन्दर चौधरी, मुकेश हरिजन, अमित लखवानी, सूर्यप्रकाश हरिजन, अर्जुन सांसी, दिनेश भाम्बी और शंकर हरिजन को हिरासत में लिया हैं। सभी के खिलाफ आरपीजीओ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एनडीए ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सीपी राधाकृष्णन को बनाया उम्मीदवार



भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली

भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। तमिलनाडु के वरिष्ठ नेता और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दिल्ली में हुई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद उनके नाम की घोषणा की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, सर्बानंद सोनोवाल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

सीपी राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पर में हुआ था। उन्होंने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ग्रेजुएशन किया और छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे। साल 1974 में वे जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए 1996 में वे तमिलनाडु के सचिव बने और 1998 में पहली बार कोयंबटूर से लोकसभा सांसद चुने गए। इसके बाद 1999 में भी उन्होंने जीत दर्ज की। सांसद रहते हुए राधाकृष्णन ने कपड़ा उद्योग संबंधी संसदीय समिति की अध्यक्षता की और कई महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। 2004 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया और संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ताइवान का दौरा किया। उन्होंने अमेरिका, यूरोप और एशिया के कई देशों की यात्राएं भी की हैं।

18 फरवरी 2023 को राधाकृष्णन झारखंड के राज्यपाल नियुक्त हुए और महज चार महीने में सभी 24 जिलों का दौरा कर प्रशासन व जनता से संवाद स्थापित किया। इसके बाद 31 जुलाई 2024 को वे महाराष्ट्र के राज्यपाल बने। अब एनडीए ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद की दौड़ में अपना उम्मीदवार बनाकर चुनावी जंग में उतारा है।

## राजस्थान में मेरठ जैसा सनसनीखेज कांड, नीले ड्रम में मिली युवक की गला कटी लाश, पत्नी व बच्चे लापता





भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

**डॉ. चेतन ठठेरा**

अलवर जिले के खैरथल-तिजारा क्षेत्र के किशनगढ़बास गांव में रविवार को मेरठ के चर्चित सौरभ हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। यहां एक मकान की छत पर रखे नीले ड्रम से युवक की गला कटी लाश बरामद हुई, जबकि मृतक की पत्नी व बच्चे लापता हैं।

डीएसपी राजेंद्र सिंह निर्वाण ने बताया कि आदर्श कॉलोनी में राजेश शर्मा के मकान की छत पर रखे ड्रम से बदबू आने पर पुलिस पहुंची। ड्रम खोला गया तो उसमें नमक भरा हुआ मिला, जिसके नीचे युवक की लाश थी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी हंसराज उर्फ सूरज के रूप में हुई, जो करीब डेढ़ महीने पहले परिवार सहित मकान में किराए पर रहने आया था और ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था।

पड़ताल में सामने आया कि शनिवार से ही हंसराज की पत्नी सुनीता, तीन बच्चे और मकान मालिक का बेटा जितेंद्र गायब हैं। पुलिस को शक है कि सुनीता और जितेंद्र के बीच प्रेम संबंध थे। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने मिलकर हंसराज की हत्या कर शव को ड्रम में छिपाया और फरार हो गए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर सुनीता, उसके बच्चों और जितेंद्र की तलाश में टीमें रवाना कर दी हैं।

## बेनीवाल का तीखा वार : 'सीएम की जाति पर शक, धनखड़ को क्यों हटाया गया बताए सरकार'



भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर

नागौर सांसद और आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने रविवार को जोधपुर में जमकर सियासी तीर चलाए। सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा–÷मुझे मुख्यमंत्री की जाति पर शक है। मैंने उनका हलफनामा मंगवाया है, जल्द ही उनकी असलियत सामने रखूंगा।

बेनीवाल यहीं नहीं रुके। उन्होंने जोजरी नदी के मुद्दे पर भी सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि जहरीले पानी से लोग बीमार हो रहे हैं और जमीन बर्बाद हो रही है, लेकिन कांग्रेस और भाजपा दोनों ने कभी ठोस कदम नहीं उठाए। तंज कसते हुए बोले–÷मुख्यमंत्री जोधपुर आए थे, लेकिन नदी पर एक घोषणा तक नहीं की। जनता की असली लड़ाई आज सिर्फ आरएलपी लड़ रही है।

बिहार चुनाव को लेकर भी उन्होंने चुटकी ली। बोले–÷हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। बुलाया तो जाऊंगा, नहीं बुलाया तो वैसे भी मैं फ्री नहीं हूं। सबसे कड़ा बयान बेनीवाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हटाए जाने पर दिया। उन्होंने सवाल उठाया–÷आखिर धनखड़ को क्यों हटाया गया? अगर उन्हें डराकर इस्तीफा दिलवाया है तो हम सड़कों पर उतरेंगे। देश का किसान उनके साथ है। बेनीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा–अगर धनखड़ एक माह में सच बताते हैं तो ठीक, लेकिन छह महीने बाद अस्पताल से बोलेंगे तो नहीं सुना जाएगा।

बेनीवाल का कहना था कि धनखड़ भी उपराष्ट्रपति रहते ज्यादा 'पंचायती' करते थे, लेकिन उन्हें हटाने की असली वजह देश को बताना होगी।

C M Y K

# बिजौलिया पुलिस की कार्रवाई, आदतन चोर गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक आदतन चोर को गिरफ्तार कर चोरी का सामान और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी पर बूंदी और भीलवाड़ा जिलों में लूट और चोरी के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि 15 अगस्त को गणेशपुरा निवासी मुकेश धाकड़ ने टेंट गोदाम से सामान चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबिरों से सूचना जुटाई और संदिग्धों से पूछताछ की। इसी दौरान आरोपी प्रकाश बंजारा निवासी कंवरपुरा, डाबी पुलिस के हत्थे चढ़ा। आरोपी से चोरी के इंजन पार्ट्स और लोहे का सामान बरामद किया गया, साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई। पुलिस ने बताया कि प्रकाश बंजारा आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ थाना डाबी, तालेड़ा, सदर बूंदी व बिजौलिया में लूट व चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं, जिन पर ट्रायल जारी है। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल डालाराम, रामसिंह, हरिसिंह, कांस्टेबल जुगराज, देवीसिंह और चालक रमेश शामिल रहे।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का भीलवाड़ा दौरा , पीडब्ल्यूडी कार्यों पर दिखाया कड़ा रुख, लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने गुलाबपुरा उपखंड कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

## जनकल्याणकारी योजनाएँ हर पात्र तक पहुँचे

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुँचना चाहिए। सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पूरे हों तथा पर्यटन से जुड़े विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को भी जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए।

## पीडब्ल्यूडी कार्यों पर सख्ती

पीडब्ल्यूडी से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने नाराज़गी जताई और कहा कि लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्यों की मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। साथ ही सेवा ऐप को शीघ्र आमजन के लिए खोलने की घोषणा की।उन्होंने पीडब्ल्यूडी के नवाचार की सराहना की, जिसमें पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर 51 सड़कों की गुणवत्ता जांच करवाई गई। इसमें 45 सड़कें उत्तम व 6 मध्यम गुणवत्ता वाली पाई गई।

## बजट घोषणाएँ और सीएसआर का उपयोग

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले से जुड़ी बजट घोषणाओं में किसी भी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। कॉरपोरेट और कंपनियों से अपील की कि वे अपनी सीएसआर राशि जनहित कार्यों में खर्च करें।

## आंगनबाड़ी और पर्यटन पर जोर

उन्होंने आंगनबाड़ियों की स्थिति सुधारने के लिए भामाशाहों को प्रोत्साहित करने की बात कही। पर्यटन विकास की समीक्षा करते हुए कहा कि आसींद के देवनारायण मंदिर सहित 20 धार्मिक स्थलों पर प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत 48 करोड़ की राशि से कार्य शीघ्र शुरू होंगे।

## प्रशासनिक पारदर्शिता और संवाद

दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिलान्यास एवं उद्घाटन संबंधी सूचनाएँ समय पर जनप्रतिनिधियों तक पहुँचें और आमजन से सीधा संवाद कायम रखा जाए। उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि नियमित समीक्षा और समयबद्ध क्रियान्वयन से आमजन

# भीलवाड़ा में नकली घी फैक्ट्री पर छापा, 128 किलो माल जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर में मिलावटखोरी के गोरखधंधे का भंडाफोड़ करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुलाब वाटिका के पीछे रिंग रोड स्थित एक गोदाम पर छापा मारकर 128 किलो संदिग्ध घी व कुकिंग मीडियम बरामद किया। गोदाम को सील कर सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि सूचना मिली थी कि बड़े पैमाने पर नकली घी तैयार कर पैकिंग की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव की टीम ने दबिश देकर मौके पर मजदूर बजरंग सिंह, गोपाल और ओमप्रकाश को पैकिंग करते पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने गोदाम मालिक कपिल सेठिया का नाम बताया, लेकिन लाइसेंस व दस्तावेज नहीं दिखा पाए।



कपिल सेठिया से संपर्क करने पर उसने आने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में मोबाइल बंद कर फरार हो गया। टीम ने बरामद 128 किलो संदिग्ध घी व कुकिंग मीडियम को जब्त कर पूरे गोदाम को सील कर दिया।

# धाकड़ समाज ने माँ फूला मंदिर परिसर में लगाए चंदन व रुद्राक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ते हुए अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के ÷एक मंदिर, एक चंदन का पौधा÷ राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत रविवार को माँ फूला मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समारोह में कुल देवी माँ फूला प्रबंध समिति के संरक्षक भूरा लाल धाकड़, अध्यक्ष हीरा लाल धाकड़ एवं महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संजय धाकड़ के नेतृत्व में चंदन के पौधे के साथ नर-मादा कल्पवृक्ष और रुद्राक्ष के पौधे रोपे गए।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दिनेश धाकड़, खनन व्यवसायी प्रभुलाल धाकड़, पन्नालाल धाकड़, समिति प्रबंधक नंदलाल धाकड़, छीतरलाल धाकड़, शंकरलाल धाकड़, डॉ. शिवदयाल धाकड़, कन्हैयालाल धाकड़, गोपाल धाकड़,



कैलाश धाकड़, मोड़ूराम धाकड़, मदन धाकड़, अशोक धाकड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन व महिलाएं उपस्थित रहे।

# लाडपुरा चौराहे पर गंदगी और अव्यवस्था, यात्री कचरे के ढेर में खड़े होकर करते हैं इंतजार

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा**

कोटा-चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा मार्ग के लाडपुरा चौराहे पर जहां रोजाना हजारों वाहनों की आवाजाही होती है और राजस्थान परिवहन निगम की बसों का ठहराव भी रहता है, वहीं अव्यवस्था और गंदगी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

सर्विस रोड पर फैली गंदगी आसपास के वातावरण को प्रदूषित कर रही है। स्थानीय लोग और यात्री बार-बार एनएचएआई अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। बसों के ठहराव स्थल पर कचरे के ढेर लगे रहने से यात्रीगण मजबूरन उसी माहौल में खड़े होकर बस का इंतजार करते हैं।

लाडपुरा चौराहा राजस्थान के मानचित्र पर अपनी अलग पहचान रखता है, लेकिन दुर्भाग्यवश यहां एनएचएआई की ओर से यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द प्रतीक्षालय का निर्माण कर स्वच्छता और सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जाए।



# फैक्ट्री में करंट लगने से युवक की मौत, ग्रामीणों का हंगामा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मंगरोप के रिको स्थित साई सखी फैक्ट्री में रविवार देर शाम करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीण बड़ी संख्या में फैक्ट्री के बाहर जुट गए और प्रबंधन पर सुरक्षा लापरवाही के आरोप लगाए। जानकारी के अनुसार हादसे में 23 वर्षीय श्रमिक दीपक सिंह पुत्र जोरावर सिंह की मौत हो गई है । ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को मुआवजा, पत्नी को नौकरी और बच्चे के भविष्य की गारंटी की मांग की। दीपक की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी और पत्नी आठ माह की गर्भवती बताई जा रही है। परिजन व ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि



जब तक उचित मुआवजा घोषित नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। फैक्ट्री के बाहर स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस तैनात है और समझाइश के प्रयास कर रहे है । वही देर रात तक ग्रामीण अपनी माँगो पर अड़े रहे और समाधान नहीं होने तक विरोध जारी रखने की चेतावनी दी ।




QUICK BITES

## शक्करगढ़ व आसपास के गांवों में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई


भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



क्षेत्र के शक्करगढ़ सहित आसपास के ग्रामों में शनिवार को जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। चारभुजा मंदिर, हनुमान धाम, रामदेव भंडारा सहित विभिन्न मंदिरों में आकर्षक झांकियां सजाई गईं और देर रात भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रात 12 बजे आरती के साथ मंदिरों में जयकारे गूंज उठे और प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। देर रात तक श्रद्धालु झांकियों का आनंद लेते रहे। अगले दिन भी मंदिरों में पूजा-अर्चना और भोग अर्पण का क्रम जारी रहा

## शाहपुरा में मथुराधीश मंदिर पर जन्माष्टमी उत्सव, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



चमन बावड़ी स्थित श्री मथुराधीश भगवान मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को पुष्पों से सजाया गया और विशेष पालना तैयार किया गया। आचार्य पं. सुनील भट्ट ने कहा कि सच्ची निष्ठा और प्रेम से ही प्रभु का साक्षात्कार संभव है। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और मध्यरात्रि को पुजारी पं. नागजीराम ने महाआरती कर माखन-मिश्री का भोग अर्पित किया। पूरे दिन मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही।

## गुरला में सदाशिव महादेव मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक, शिव भक्तों में उमड़ा उत्साह

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।



सहकारिता समिति के पास स्थित सदाशिव महादेव मंदिर में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सहस्त्रधारा अभिषेक और पूर्ण रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन हुआ। सुबह 11 बजे शुरू हुआ अनुष्ठान शाम 6 बजे तक चला। पंडित राजु त्रिपाठी के सानिध्य में अध्याय पाठ, पूर्ण रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन, शिव तांडव, शिव महिम्न स्तोत्र एवं समस्त देव मंडल पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर भोलेनाथ के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। अभिषेक के बाद मंदिर में महाआरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिव भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# जिलेभर में जन्माष्टमी उत्सव की धूम, मंदिरों और झांकियों ने बिखेरा भक्ति का रंग



फुलियाकलाः श्री राम चौक में आयोजित हुई दही हांडी प्रतियोगिता




मांडलगढ़: श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक खंडेलवाल ने की शिरकत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा


जिलेभर में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कस्बों से लेकर गांवों तक मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी, आकर्षक झांकियों और भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। रात 12 बजे ठाकुरजी के जन्मोत्सव के साथ वातावरण जयकारों से गूंज उठा।

**फूलियाकलां** में श्रीराम चौक पर दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। पांच टीमों ने प्रयास किए, जिनमें अंबेडकर युवा मंच की टीम ने विजय हासिल की। विजेताओं को स्मृति चिन्ह व पारितोषिक प्रदान किए गए। आयोजन के दौरान महंत शंकरदास त्यागी महाराज, पंचायत प्रशासन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



आकोलाः श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर हुआ मनमोहक श्रृंगार

**मांडलगढ़** में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा बाल गोपाल, रासलीला और सुदामा चरित्र जैसी झांकियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित रहे।



कारोई : श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ भगवान चारभुजा नाथ का श्रृंगार

**काछोला** में द्वारकाधीश मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया गया। रात्रि 12 बजे भगवान का जन्म होते ही वातावरण ÷जय कन्हैया लाल की÷ के जयकारों से गूंज उठा। महिला व युवा मंडलों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए और भक्तों ने प्रसाद वितरण कर उल्लास साझा किया।

**आकोला** में भी कृष्ण जन्माष्टमी पारंपरिक तरीके से मनाई गई। मंदिरों और गली-मोहल्लों में बच्चों ने झांकियां सजाईं। महिलाएं व्रत-उपवास में लीन रहीं और रात 12 बजे महाआरती के साथ व्रत खोला गया। मंदिरों में रोशनी और भजनों की गूंज देर रात तक बनी रही।

**कारोई** स्थित श्री चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर पर मंदिर मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में जन्माष्टमी महोत्सव हुआ। बच्चों ने झांकियां व झूले सजाए, भक्तों ने भजन संध्या का आनंद लिया और रात्रि में महाआरती व मटकी फोड़कर उत्सव का समापन किया।

# मांडलगढ़ में फसलें चौपट, किसान संघ देगा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

भारतीय किसान संघ मांडलगढ़ की ओर से सोमवार को उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा ।

तहसील अध्यक्ष लालाराम गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र की अधिकांश पंचायतों में फसलें नष्ट हो चुकी हैं। खेतों में चारा खत्म हो गया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और पशुओं के लिए चारे का संकट गहराता जा रहा है। बरूंदनी से बिलोड़ सड़क मार्ग पर करीब 500 बीघा जमीन पानी की निकासी के अभाव में तालाब का रूप ले चुकी है। पानी के बहाव में कुछ लोगों द्वारा पक्का निर्माण करने से किसानों की हालत और दयनीय हो गई है। भारतीय किसान संघ ने सरकार से मांग की है कि फसल खराबे का आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए तथा बरूंदनी-बिलोड़ मार्ग पर पानी की निकासी सुचारू कर किसानों को राहत दिलाई जाए।

# पन्डेर गांव में सामाजिक सरोकार की अनोखी पहल, दिवंगत के परिवार को मिला डेढ़ लाख से अधिक सहयोग

भीलवाड़ा फोकस @ पन्डेर

गांव के सुभाष नगर में छितर मीणा के निधन के बाद उनके परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने अनोखी पहल की मिसाल पेश की। दिवंगत के पीछे पांच वर्षीय मासूम पुत्र, अविवाहित पुत्री और शारीरिक रूप से दिव्यांग पत्नी रह गई, जिनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी।




ग्रामीण गोविंद कुमार धोबी, प्रधानाध्यापक हीरालाल मीणा और हेमराज मीणा ने परिवार की मदद के लिए वीडियो संदेश और पोस्ट बनाकर ग्रामवासियों से व्हाट्सएप के माध्यम से अपील की। इस पहल का असर यह हुआ कि मात्र दस दिन में पन्डेर और आसपास के क्षेत्रों से डेढ़ लाख रुपये से भी अधिक सहयोग राशि जुटाई गई।

यह राशि समाजजनों और पंच-पटेलों की मौजूदगी में परिवार के सुपुर्द की गई। मौके पर उपस्थित समाजजन व ग्रामवासियों ने इस नेक कार्य के लिए गोविंद कुमार धोबी, हीरालाल मीणा, हेमराज मीणा और सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# महुआ सीएससी में डॉक्टरों के पद खाली, मरीज भटकने को मजबूर





भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

**महावीर वैष्णव**

कस्बे में स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार हालात में पहुंच चुका है। केंद्र पर स्वीकृत डॉक्टरों के चारों पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। हालात यह हैं कि केवल एक चिकित्सक डेपुटेशन पर लगाया गया है, लेकिन उनके आने-जाने का कोई नियमित समय नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि कस्बे सहित आसपास के 10 से 12 गांवों के मरीज इलाज के लिए महुआ सीएससी पर निर्भर रहते हैं। डॉक्टरों की अनुपस्थिति में यहां आने वाले रोगियों को अक्सर निजी अस्पतालों या जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता है। इससे न सिर्फ आर्थिक बोझ बढ़ता है बल्कि गंभीर मरीजों के लिए यह स्थिति जानलेवा भी साबित हो रही है। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के अलावा रेडियोग्राफर का पद भी रिक्त है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया।

कस्बेवासियों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से जल्द ही रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने और स्वास्थ्य केंद्र को पूर्ण स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग की है।

# शिव महापुराण कथा से पहले ध्वज स्थापना, जयकारों से गूंजा शहर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से 9 से 15 सितम्बर तक होने वाली श्री शिव महापुराण कथा की तैयारियों की शुरुआत रविवार को धर्म ध्वजा स्थापना के साथ हुई। शहर में हनुमानजी और भोलेनाथ के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

आयोजन समिति के तत्वावधान में रामधाम परिसर से ध्वज पूजन के बाद शोभायात्रा निकाली गई, जो मेडिसिटी ग्राउंड स्थित कथा स्थल पहुंची। महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में अभिजीत मुहूर्त पर भूमि पूजन व ध्वज स्थापना हुई। पंडित



अशोक व्यास के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न हुआ।

समिति अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी और कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया कि ध्वज स्थापना के साथ ही कथा स्थल पर भव्य पांडाल व व्यवस्थाओं का कार्य शुरू कर दिया गया है। कथा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिसके लिए तैयारी जोरों पर है।



# बीजेएस प्रांतीय अधिवेशन का आगाज, मानवसेवा को बताया सार्थक जीवन का मार्ग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जैन संघटना का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन निश्चय प्रतिज्ञा से पुरुषार्थ की ओर का शुभारंभ यश विहार में ध्वजारोहण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

प्रांतीय अध्यक्ष श्रवण दुगड़ ने कहा कि संघटना समाजिक विकास, आपदा राहत व शैक्षिक पहल में



मानवता के भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने संदेश दिया कि ÷कुछ ना चाहूं बस काम आ जाऊं÷ भाव जीवन को सार्थक बनाता है।

अधिवेशन में तकनीकी प्रशिक्षण, संगठन परिचय, प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन, महिला व युवा शाखा के विशेष सेशन तथा ओपन हाउस में जिज्ञासा समाधान हुआ। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न चैप्टर्स से आए पदाधिकारियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

# शाहपुरा में 9 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा 21 से

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

त्रिमूर्ति चौराया के पास स्थित शिव शक्ति खटीक समाज धर्मशाला, पिवनिया तालाब के सामने श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 21 अगस्त से 29 अगस्त तक किया जाएगा। कथा का वाचन 1008 जगतगुरु परमहंसाचार्य करेंगे। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

आयोजक रामगोपाल शर्मा और मयंक शर्मा ने बताया कि 21 अगस्त की सुबह 9 बजे भाणा गणेश जी मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी, जो त्रिमूर्ति चौराया, रामद्वारा, पुराना बस स्टैंड होते हुए पुनः त्रिमूर्ति चौराया से होकर खटीक समाज धर्मशाला पहुंचेगी। यहां मंशापूर्ण महादेव और राधा-कृष्ण मंदिर में दर्शन के बाद कथा का शुभारंभ होगा।



# दरगाह मंसूर अली बाबा उर्स को लेकर लंगर कमेटी की बैठक सम्पन्न





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

तेजाजी चौक स्थित हजरत मंसूर अली बाबा (र.अ.) दरगाह पर आगामी 99वें उर्स मुबारक 21 से 23 सितंबर की तैयारियों को लेकर लंगर कमेटी की बैठक शहजाद खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कमेटी के सरपरस्त असलम पठान ने बताया कि उर्स के दौरान आने वाले जायरीन और मेहमानों की बेहतरीन मेहमाननवाजी व लंगर व्यवस्था के लिए बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में कमेटी के सदर आजाद शाह की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय लंगर प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया। इसमें सलीम पठान, फिरोज मंसूरी, इकबाल पठान, इमरान खां पठान, शानू सिलावट और सलीम मंसूरी को सदस्य बनाया गया। यह कमेटी लंगर व्यवस्था के लिए वॉलंटियर्स नियुक्त करेगी और सभी सदस्य उर्स के दौरान बैच लगाकर सेवाएं देंगे।

बैठक में हाल ही में भाजपा कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए अब्दुल रशीद पठान तथा उमराह यात्रा पर जाने वाले गफ्फार खान का मुस्लिम समाज की ओर से फूलमाला व साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कमेटी ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के प्रति आभार भी जताया।

आगामी उर्स के लिए नवगठित कार्यकारिणी पदाधिकारियों को विशेष अतिथियों द्वारा फूलमाला व साफा पहनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अकबरी अखाड़े के उस्ताद आरिफ मोहम्मद मेवाफरोश, अंजुमन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं दरगाह के चेयरमैन व पार्षद उस्मान खां पठान, सुफियान कब्रिस्तान कमेटी के सदर असलम खान पठान विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यकारिणी सदस्यों में मेहबूब पेंटर, जाकिर हुसैन, आसिफ मीर, रफीक शेख, अल्फ़ेज़, मोहम्मद तनवीर, अमान पठान और शोएब खान ने भागीदारी निभाई।

## QUICK BITES

# शाहपुरा क्षेत्र के विकास कार्यों पर उपमुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुलाबपुरा उपखंड कार्यालय में रविवार को समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने क्षेत्र की सड़कों के निर्माण, शाहपुरा के पिवनिया तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, तालाब में बगरू तक पुलिया बनाने, धनोप माता मंदिर और चलानिया भैरूनाथ मंदिर के विकास कार्यों को शीघ्र अमल में लाने की मांग उठाई। साथ ही भवनहीन आंगनबाड़ियों के भवन निर्माण और क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ियों के जीर्णोद्धार का मुद्दा भी रखा। इस पर उपमुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# मोतीपुरा घाटे पर सड़क पर दिखा पैंथर, ग्रामीणों में दहशत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



जलिंद्रि रोड पर मोतीपुरा घाटे के पास भीमलत के निकट शनिवार देर रात सड़क पर पैंथर नजर आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार जलिंद्रि निवासी दीपक जोशी, कन्हैयालाल शर्मा और जसी बॉस रात करीब डेढ़ बजे कोटा से लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हें सड़क किनारे पैंथर दिखाई दिया। घटना स्थल भीमलत से सटे रामधारी विषधारी सेंचुरी क्षेत्र के नजदीक है। आशंका है कि पैंथर वहीं से भटककर सड़क पर आ गया। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर ज्यादा आवाजाही नहीं थी, वरना हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# कंकरोलिया में 51 गांवों की हरि बोल प्रभात फेरी व ब्रह्मभोज

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



उपखंड के कंकरोलिया माफी गांव में रविवार को हरि बोल प्रभात फेरी व ब्रह्मभोज का आयोजन हुआ। प्रभात फेरी माताजी चौक से प्रारंभ होकर चारभुजा मंदिर व हनुमानजी मंदिर तक निकाली गई, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा व जलपान की व्यवस्था रही।

इस मौके पर कांदा, महेशपुरा, आकोला, सवाईपुर, कवलियास सहित आसपास के 51 गांवों से मंडलियां पहुंची। वहीं ब्रह्मभोज में कई मंदिरों के पुजारियों को आमंत्रित कर भोजन कराया गया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश भट्ट, ओम ओझा, सीताराम दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं : संत हरशुकराम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



रामद्वारा में संजय कॉलोनी निवासी सामरिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन संत हरशुकराम ने ध्रुव, भरत, प्रहलाद चरित्र व गजेन्द्र मोक्ष प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति और दृढ़ विश्वास से भगवान की कृपा अवश्य मिलती है और वे सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं।

कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। अंत में समाजसेवियों ने संत श्री का सम्मान किया तथा भारत विकास परिषद ने सैकड़ों भक्तों को औषधीय तुलसी पौधे वितरित किए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।